विदेश भेजने के लिये खिलाड़ियों का चयन करने हेतु चयन समिति का गठन

5104. **श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेश भेजे जाने वाले खिलाड़ियों का चयन करने हेतु एक चयन समिति गठित करने का निर्णय किया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने विदेश जाने वाले खिलाडियों के सम्बन्ध में चालू वित्तीय वर्ष के बजट में कुछ कमी की है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या करण हैं? और कितनी कमी की गई है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री अरविन्द नेताम)

(क) अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए टीमों का चयन सम्बधित राष्ट्रीय खेल संघों/संस्थाओं द्वारा किया जाता है । तथापि, टीमों के समुचित प्रशिक्षण और चयन के लिए अखिल भारतीय खेल परिषद् ने कुछ मार्गदर्शी रूप रेखायें सुझाई हैं और उन्हे राष्ट्रीय खेल संघों/संस्थाओं के मार्गदर्शन के लिए उनके पास भेज दिया गया है ।

(ख) और (ग) धन की अत्यंत कमी के कारण, राष्ट्रीय खेल संघों/संस्थाओं को अपनी टीमें वाहर भेजने पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए दिए जाने वाले अनुदानों को 1973-74 वित्तीय वर्ष के शेष भाग के लिए रोक दिया गया है । तथापि, अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध होने पर स्थिति पर फिर से विचार किया जायेगा ।

मध्य प्रदेश में नर्स प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए केन्द्रीय सहायता

5105. **श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ अधिक नर्स प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए सरकार से विशेष सहायता दिये जाने का अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० के० किस्कू) : (क) जी नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

Sale of HMT-Zetor 2511, Harsha-T-25 and Leyland Deutz, Tractors in 1972-73

5106. SHRI R. V. BADE: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the total number of HMT-Zetor 2511, Harsha T-25 and Leyland Deutz, tractors and their models sold all over India during the year 1972-73;